72 5

# मध्य रेलवे
# राजभाषा अधिकारी - चयन परीक्षा

दिनांक 30-05-2018 समय - 3 घंटे कुल अंक - 150

नोट :-

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें।
2. उत्तर पुस्तिका पर कहीं भी अपना नाम तथा रोल नम्बर नहीं लिखें।
3. इस्तेमाल ना किए गए उत्तर पृष्ठों पर क्रॉस कर दें।
4. परीक्षा हाल में मोबाइल फ़ोन की अनुमति नहीं है।
5. परीक्षा से पहले अभ्यर्थी कृपया उत्तर पुस्तिका के साथ लगे "अभ्यर्थी के लिए अनुदेश" पढ़ें।

## खंड - "क"

प्रश्न - 1 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में निबंध लिखें । (250 शब्द) (अंक-30)

(क) सोशल मीडिया का हमारे जीवन पर प्रभाव ।
(ख) एक भारत श्रेष्ट भारत ।
(ग) देश के विकास में नारी की भूमिका ।

प्रश्न - 2 निम्नलिखित के उत्तर हाँ या नहीं में दीजिए । (अंक- 10)

1. राजभाषा नियम 1972 में लाया गया । (हाँ/नहीं)
2. राजभाषा नियमों का विस्तार कर्नाटक के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर है। (हाँ/नहीं)
3. राजभाषा के प्रयोग के लिए "ख" क्षेत्र में माना गया है। (हाँ/नहीं)
4. हर ज़ोनल रेलवे का मुख्य राजभाषा अधिकारी महाप्रबंधक होता है। (हाँ/नहीं)
5. केंद्रीय भाषा विभाग गृह मंत्रालय के अधीन आता है। (हाँ/नहीं)
6. राजभाषा नियम अनुसार केंद्रीय सरकार के हर कार्यालय के प्रत्येक कर्मचारी को हिंदी में पत्र लिखना आना चाहिए। (हाँ/नहीं)
7. हिंदी में आए हुए पत्र का जवाब राजभाषा में देना अनिवार्य है। (हाँ/नहीं)
8. हिंदी दिवस प्रति वर्ष 30 सितम्बर को केंद्रीय सरकार के कार्यालों में मनाया जाता है। (हाँ/नहीं)
9. राष्ट्रपति हिंदी समिति के अध्यक्ष होते हैं। (हाँ/नहीं)
10. विभागीय परीक्षाओं में हिंदी से सम्बंधित प्रश्न का उत्तर हिंदी में देना अनिवार्य है। (हाँ/नहीं)

मुंबई

प्रश्न - 3 निम्नलिखित का सही उत्तर लिखें । (अंक - 10)

1. "क" तथा "ख" क्षेत्र में आने वाले तीन - तीन राज्य/ संघ राज्य के नाम लिखें।
2. हिंदी में प्रवीणता के लिए कर्मचारी की क्या योग्यता होनी चाहिए।
3. राजभाषा के सम्बन्ध में समिति के कितने सदस्य होते हैं। दोनो सदन (लोक सभा एवं राज्य सभा) के सदस्यों की संख्या लिखें।
4. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) कब प्रवृत्त हुई।
5. केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए निर्धारित हिंदी पाठ्यक्रम कौन कौन है।

उत्तर 4. हिंदी में अनुवाद -

जब भारत के राष्ट्रपति डा.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम ने राष्ट्रपति का पद संभाला तो उन्होंने भारत के लोगों को एक दृष्टि, 2020 के भारत का सपना दिखाया । उन्होंने न केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में बल्कि दूसरे अन्य क्षेत्रों में भी विश्व का नेतृत्व करने वाले भारत का सपना दिखाया । महान भारतीय संत स्वामीं विवेकानंद ने सौ वर्ष से भी अधिक समय पूर्व यह घोषणा की थी कि भारत एक महान और गौरवशाली राष्ट्र के रूप में उभरेगा और सभी क्षेत्रों - आध्यात्मिक या भौतिक, में विश्व का नेतृत्व करेगा । जब भी हम भारत द्वारा सभी क्षेत्रों विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से ज्ञान के क्षेत्र में की गई भारी तरक्की को देखते हैं तो भारत के लोगों का वह सपना पूरा होता दिखाई देता है ।

अगले कुछ वर्षों में विश्व शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाने की दौड़ में भारत शामिल हुआ है । 05 मई, 2005 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित भारतीय अंतरिक्ष तट से 44 मीटर ऊंचे चार-स्तरीय पोलर सैटेलाइट लॉंच वेहिकल पीएसएलवी-सी 6 के सफलतापूर्वक प्रक्षेपण के साथ ही भारत ने अंतरिक्ष कार्यक्रम के क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरी । इस उपलब्धि ने भारत को सफलता की उस ऊँचाई पर पहुंचा दिया कि अब वह दूसरे देशों के सैटेलाइट प्रक्षेपण के प्रस्ताव भी स्वीकार कर सकता है ।

उत्तर 5. (क) हिंदी अर्थ -

1. वित्त विभाग की सहमति आवश्यक है ।
2. उचित उत्तर दिया जाए ।
3. चर्चा की और रोक रखा गया ।
4. सर्व संबंधित सावधानीपूर्वक इसे नोट करें ।
5. यथा प्रस्तावित कार्रवाई करें / प्रस्ताव के अनुसार कार्रवाई करें ।

उत्तर 5. (ख) हिंदी पर्याय -

1. प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक
2. मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर
3. महानिदेशक रेल स्वास्थ्य सेवा — (5) २
4. प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर
5. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)

70

प्रश्न - 4 निम्नलिखित का हिंदी में अनुवाद करें । (अंक- 20)

When Dr. A.P.J. Abdul Kalam, the President of India took over as the President, he gave to the people of India a vision, a dream of India in 2020. He foresaw an India that would lead the world not only in the fields of science and technology but in all other fields also. Swami Vivekananda, the great India saint had declared more than a hundred years ago that India would rise to its full stature and glory and lead the world in all spheres--spiritual or material. That dream of the people of India appears to be coming to its fulfillment whenever one casts a glance over the big strides India is taking in all fields, especially that of knowledge through information technology.

India is now in race to be recognized as a world power in the next few years. In the field of space programme, India took a big jump on May 5, 2005 with the successful launch of the 44-metre tall four-stage Polar satellite Launch Vehicle PSLV –C6 from the Indian spaceport at Sriharikota in Andhra Pradesh. This has placed India on a stage where it can now receive launch orders from other countries.

(अंक- 10)

प्रश्न - 5 (क) निम्नलिखित का हिंदी अर्थ लिखें ।

1. Concurrence of the finance department is necessary
2. Suitable reply may be given
3. Discussed and dropped
4. All concerned should note carefully
5. Action may be taken as proposed

(ख) निम्नलिखित का हिंदी पर्याय लिखें ।

1. PCMD
2. CSTE
3. DGRHS
4. PCCE
5. CAO(C)